देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 95 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...सूर्य पूर्व कणों की पृथ्वी में पड़ताल



देहरादून, रविवार, 11 जुलाई 2021

# पेज थ्री



मौसम अधिकतम 28.0° न्यूनतम 24.0° | 42243.40 | 2 चीन के खिलाफ पारित कई प्रस्ताव | 7 दूसरी बार पिता बने हरभजन सिंह

# उत्तराखण्ड विकास पथ पर बढ़ रहा आगे

## प्रधानमंत्री से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शिष्टाचार भेंट की

### युवा नेतृत्व में राज्य का तेजी से चहुँमुखी विकास होगाः पीएम

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। उत्तराखण्ड के सीएम पद की शपथ के बाद प्रधानमंत्री से शिष्टाचार भेंट करने आए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड राज्य के विकास में केन्द्र सरकार के सहयोग पर प्रधानमन्त्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड तीव्र गति से विकास पथ पर आगे बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केदारनाथ धाम में कुल 108 करोड़ 78 लाख रूपये की लागत से द्वितीय चरण के निर्माण/ पुनर्निर्माण कार्य आरम्भ किए जाने हैं। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से केदारनाथ धाम में द्वितीय चरण के निर्माण/पुनर्निर्माण कार्यों के शिलान्यास/वर्चुअल शिलान्यास के लिए समय प्रदान करने का अनुरोध किया।

**उत्तराखण्ड देश के अग्रणी राज्यों में स्थान बना रहाः सीएम**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड देश के अग्रणी राज्यों में स्थान बना रहा है। निर्धारित समय से एक घंटा अधिक समय दिये जाने पर आभार व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उत्तराखण्ड की जनता के प्रति प्रधानमन्त्री के लगाव एवं चिंतन का परिचायक है।



प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री बनने पर धामी को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि युवा नेतृत्व में राज्य का तेजी से चहुँमुखी विकास होगा। सीएम ने पीएम को राज्य से संबंधित ज्वलंत मुद्दों के बारे मे बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री को कोविड की सम्भावित तीसरी लहर को देखते हुए राज्य सरकार की तैयारियों के बारे में अवगत कराया। साथ ही चारधाम यात्रा, कांवड़ यात्रा पर भी चर्चा की। पीएम से सीएम की वार्ता निर्धारित 15 मिनिट से अधिक 1 घंटा 15 मिनिट तक चली।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र के सहयोग से राज्य में हेल्थ सेक्टर में सुधार के लिये अनेक महत्वपूर्ण पहल की गई हैं। एम्स ऋषिकेश उत्तराखण्ड को केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण देन है। कोविड महामारी से लड़ाई में इसकी बड़ी भूमिका रही है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से राज्य की विषम भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए कुमायूं मण्डल में भी इसी प्रकार के एक एम्स की स्थापना का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इसके लिए भूमि उपलब्ध कराएगी। कुमायूं में एम्स की स्थापना से विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाओं से क्षेत्र की जनता लाभान्वित हो सकेगी।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से राष्ट्रीय महत्व की लखवाड़ बहुउद्देशीय परियोजना के शीघ्र क्रियान्वयन के लिये आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति की स्वीकृति प्रदान करवाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 300 मेगावाट की लखवाड़ बहुद्देशीय परियोजना से यमुना नदी में जल उपलब्धता बढ़ेगी एवं छः राज्य उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा, उत्तराखण्ड एवं हिमाचल प्रदेश लाभान्वित होंगे। इस परियोजना को समस्त स्वीकृतियाँ प्राप्त है एवं भारत सरकार के आर्थिक मामलों की कैबीनेट समिति की स्वीकृति प्राप्त होना शेष है, जिसके उपरान्त परियोजना का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जा सकता है।

### मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से शिष्टाचार भेंट की



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति जी को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया।

**सीएम ने रक्षामंत्री से की भेंट**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने राजनाथ सिंह जी को जन्म दिवस की बधाई देते हुए उनके स्वस्थ दीर्घायु की कामना की।

## संक्षिप्त समाचार

### अनंतनाग एनकाउंटर में सुरक्षाबलों ने 3 आतंकवादियों को किया ढेर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जम्मू। दक्षिणी कश्मीर के अनंतनाग जिला के रानीपोरा इलाके के क्वारीगाम में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को दो आतंकियों को ढेर करने में सफलता मिली है। इस मुठभेड़ में आतंकी संगठन लश्कर–ए–तैयबा का जिला कमांडर आरिफ अहमद हज्जम जो सदूरा का रहने वाला है मारा गया जबकि मारे गए दूसरे आतंकी की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है।

### अवैध हिरासत पर सुप्रीम कोर्ट की बेहद तल्ख टिप्पणी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बिहार में लगता है कि पूरी तरह से पुलिस राज है। एक ट्रक ड्राइवर को अवैध तरीके से 35 दिनों तक पुलिस कस्टडी में रखने के मामले में ट्रक ड्राइवर को मुआवजा राशि का भुगतान करने का आदेश देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने यह तल्ख टिप्पणी की है।

# कोरोना की तीसरी लहर के लिए जनता होगी जिम्मेदार

## कोविड मानदंडों का जमकर हुआ है उल्लंघन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना वायरस की संभावित तीसरी लहर को लेकर कई राज्यों में अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। आइएएनएस सी वोटर के ट्रैकर में यह बात सामने आई है कि कोरोना वायरस के नियमों का उल्लंघन करने वाली आम जनता ही महामारी की तीसरी लहर के लिए जिम्मेदार है। देशभर के विभिन्न शहरों के बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर भारी भीड़ के साथ ही हिल स्टेशनों पर भी कोविड के मानदंडों का उल्लंघन करते हुए लोगों का हुजूम देखने को मिल रहा है। भारत में ज्यादातर लोगों का मानना है कि तीसरी लहर होने पर आम जनता जिम्मेदार होगी।

लाइव न्यूज ट्रैकर में 57 प्रतिशत लोगों ने कहा कि देश में अगर कोरोना वायरस की तीसरी लहर आती है तो उसके लिए आम जनता जिम्मेदार होगी, सर्वे में शामिल लोगों में से केवल 34 प्रतिशत ने कहा कि एक और लहर के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। शेष अन्य लोगों ने इस बात पर कोई राय नहीं दी कि अगर देश घातक वायरस की एक और लहर की चपेट में आता है तो किसे जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए।

वैक्सीन की कमी को लेकर केंद्र सरकार द्वारा किए गए दावों के बावजूद बड़ी संख्या में लोगों ने आइएएनएस सी वोटर लाइव न्यूज ट्रैकर में साक्षात्कार में कहा कि उन्हें वैक्सीन की खुराक आसानी से नहीं मिल पा रही है और उन्हें इसके लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। सर्वे में शामिल लोगों में से 47 प्रतिशत ने कहा कि उन्हें टीका लगवाने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है, जबकि 42 प्रतिशत लोगों ने कहा कि उनको बिना प्रतीक्षा किए आसानी से टीके की खुराक प्राप्त हो रही है। सर्वे के दौरान केवल 38 प्रतिशत लोगों ने कहा की सही समय पर निर्णय लिया गया था।

**24 घंटों में 42,766 नये मामले सामने आए**

देश में बीते 24 घंटों के दौरान कोरोना वायरस संक्रमण के 42,766 नये मामले सामने आए हैं, जिसके बाद संक्रमण की चपेट में आए लोगों की कुल संख्या 3,07,95,716 हो गई है, जबकि उपचाराधीन मामले घटकर 4,55,033 हो गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के शनिवार को अद्यतन किए गए आंकड़ों के मुताबिक 1,206 और मरीजों की मौत के साथ मृतक संख्या बढ़ कर 4,07,145 हो गई है।

# पीएम मोदी ने चीन के जले पर छिड़का नमक!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को चीन को एक बड़ा झटका दिया। उन्होंने वियतनाम के पूर्व सुरक्षा अधिकारी और वहां की कम्युनिस्ट पार्टी के नेता फाम मिन्ह चीन्ह को प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी। साथ ही वियतनाम कम्युनिस्ट पार्टी की सालगिरह की भी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने फाम को भारत आने का न्यौता दिया है। वहीं, करीब एक हफ्ते पहले सीपीसी (कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना) की स्थापना के शताब्दी समारोह पर उन्होंने न तो कोई ट्वीट किया था। न कोई संदेश दिया था। इतना ही नहीं, दो दिन पहले दलाई लामा के जन्मदिन पर भी पीएम ने शुभकामनाएं दी थीं। इससे चीन को मिर्ची भी लगी थी। इस तरह पीएम मोदी चीन को लगातार संदेश रहे हैं।

मोदी ने फाम मिन्ह चीन्ह को पीएम बनने की बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनके कुशल निर्देशन में दोनों देशों के बीच व्यापक सामरिक साझेदारी और भी मजबूत होगी। पीएम ने ट्वीट करके बताया, वियतनाम के पीएम एच. ई. फाम मिन्ह चीन्ह के साथ फोन पर बात की। हमने व्यापक रणनीतिक साझेदारी के सभी पहलुओं की समीक्षा की।

**बधाई**

■वियतनाम का पीएम बनने पर फाम मिन्ह चीन्ह को दी बधाई

**कई मुद्दों पर चर्चा**

पीएमओ की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि दोनों नेताओं के बीच फोन पर वार्ता हुई। इस दौरान द्विपक्षीय संबंधों की प्रगति की समीक्षा की गई। पीएमओ के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी ने एक खुले, समावेशी, शांतिपूर्ण और नियम आधारित हिंद महासागर क्षेत्र को लेकर दोनों देशों के समान विचारों का हवाला देते हुए कहा, 'भारत–वियतनाम व्यापक सामरिक साझेदारी क्षेत्र में शांति, समृद्धि और विकास को बढ़ावा देने में योगदान दे सकती है।'

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development** — All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding** — 1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries) 2. Social Media 3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation** — A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.

Contact: **Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# भारत के कुछ हिस्सों में मौसम में बदलाव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को कहा कि पूर्वी हवाओं ने दक्षिण–पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियों को अनुकूल बना दिया है और इसके एक दिन में दिल्ली, हरियाणा और पंजाब सहित उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में मौसम में बदलाव देखा जा सकता है।

**बारिशों का दौर शुरू होता हुआ आ रहा नजर**

ऐसे में मानसून को पहुंचने में बेशक देरी हुई, लेकिन मौसम विभाग द्वारा बारिश का पूर्वानुमान लगाया गया है।

आईएमडी ने कहा कि बंगाल की खाड़ी से निचले स्तर की पूर्वी हवाएं उत्तर–पश्चिम की ओर बढ़ी हैं, जो शनिवार को दिल्ली, हरियाणा और पूर्वी राजस्थान तक पहुंच गई हैं। वहीं, इस कारण इस क्षेत्र में निम्न स्तर की सापेक्ष ह्यूमिडिटी भी बढ़ गई है।

इसी कारण मौसम विभाग ने बताया कि अगले 24 घंटों के दौरान दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के शेष हिस्सों और पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के कुछ और हिस्सों में दक्षिण–पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं।